# मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020

(धारा 140, 142, 146, 147, 155 तथा 161 के अधीन निर्मित)

दिनांक 25 सितम्बर, 2020 से प्रभावशील

(12)



क्र. एफ-2-5-2020-सात-शा.7 भोपाल, दिनांक 23 सितम्बर 2020

मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 258 की उपधारा (2) के खण्ड (इकतीस), (बत्तीस), (चौंतीस), (पैंतीस), तथा (छत्तीस), के साथ पठित उक्त संहिता की धारा 140,142,146,147,155 तथा धारा 161 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए तथा अधिसूचना क्रमांक 2457-62-सात-ना (नियम), दिनांक 18 मई 1961, तथा अधिसूचना क्रमांक 3814-2502-सात-ना (नियम), दिनांक 11 अगस्त 1961 द्वारा यथासंशोधित, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 189-6477-सात-ना (नियम) दिनांक 6 जनवरी, 1960, अधिसूचना क्रमांक 2804-5041-सात-ना (नियम), दिनांक 12 जून, 1961 द्वारा यथासंशोधित, अधिसूचना क्रमांक 190-6477-सात-ना (नियम) दिनांक 6 जनवरी, 1960 अधिसूचना क्रमांक 191-6477-सात-ना (नियम) 6 जनवरी, 1960, अधिसूचना क्रमांक 2549-5163-60-सात-ना (नियम) दिनांक 25 जून 1962, द्वारा यथा संशोधित क्रमांक एफ-1-4-सात-शा 8-87 दिनांक 4 जुलाई, 1988, अधिसूचना क्रमांक 192-6477-सात-ना-(नियम) दिनांक 25 जून 1962 अधिसूचना क्रमांक 2545-5163-सात-ना (नियम) दिनांक 26 जून 1962 द्वारा यथा संशोधित क्रमांक 1841-2882-सात-ना दिनांक 2 जून, 1972 अधिसूचना क्रमांक 336-सीआर-742-सात-ना (नियम) दिनांक 11 जनवरी, 1960 तथा अधिसूचना क्रमांक 194-6477-सात-ना (नियम) दिनांक 6 जनवरी, 1960 को अतिष्ठित करते हुए, राज्य सरकार, एतद्द्वारा, निम्नानुसार नियम बनाती है, जो उक्त संहिता की धारा 258 की उपधारा (3) द्वारा अपेक्षित किए गए अनुसार मध्यप्रदेश राजपत्र 18 अगस्त, 2020 में पूर्व प्रकाशित किए जा चुके हैं, अर्थात् :-

(10)



# नियम

**1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.** – (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020 है।

(2) ये मध्यप्रदेश राजपत्र में इनके प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

**2. परिभाषाएं.** – (1) इन नियमों में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

(क) "भूलेख पोर्टल" से अभिप्रेत है राज्य सरकार का आधिकारिक वेब पोर्टल जिसके माध्यम से भू–राजस्व का आनलाइन भुगतान किया जा सकेगा;

(ख) "चालान" से अभिप्रेत है ऐसा फार्म जो बैंक अथवा वेब पोर्टल के माध्यम से भू–राजस्व का भुगतान करने के लिए प्रयोग में लाया जाता है;

(ग) "संहिता" से अभिप्रेत है मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959);

(घ) "प्ररूप" से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न प्ररूप ;

(ङ) "अनुसूची" से अभिप्रेत है इन नियमों से संलग्न अनुसूची ;

(च) "अनुसूचित बैंक" से अभिप्रेत है भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 (1934 का 2) की द्वितीय अनुसूची में सम्मिलित बैंक ; तथा

(छ) "धारा" से अभिप्रेत है संहिता की धारा ।

(2) उन शब्दों तथा अभिव्यक्तियों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त हुए हों किन्तु परिभाषित नहीं किए गए हों, तथा संहिता में परिभाषित किए गए हों, वे ही अर्थ होंगे जो संहिता में उनके लिए दिए गए हों।

**3. भू–राजस्व के भुगतान की रीति.** – (1) उप–नियम (2) तथा (7) के अध्यधीन रहते हुए भू–राजस्व का भुगतान निम्न में से किसी रीति से किया जा सकेगा–

(क) भूलेख पोर्टल के माध्यम से सरकारी खजाने में सीधे भुगतान करके;

(ख) इस प्रयोजन हेतु राज्य सरकार द्वारा प्राधिकृत अनुसूचित बैंक के माध्यम से जमा करके;

(ग) ग्राम के पटेल को या जहां पटेल नियुक्त नहीं है, हल्के के पटवारी को भुगतान करके; या

(घ) सेक्टर के नगर सर्वेक्षक को भुगतान करके।

(2) राज्य सरकार, राजपत्र में, अधिसूचना द्वारा उप–नियम (1) में विहित भुगतान की रीतियों में से किसी रीति को बंद कर सकेगी।

(3) पटेल, पटवारी या नगर सर्वेक्षक का यह कर्तव्य होगा कि वह उप–नियम (1) के अधीन उनके द्वारा प्राप्त धन को भूलेख पोर्टल के माध्यम से ऐसी अवधि के भीतर सरकारी खजाने में जमा करे जैसी कि राज्य सरकार द्वारा निदेशित की जाए।

(4) भूलेख पोर्टल के माध्यम से भुगतान के मामले में भुगतान करने वाला व्यक्ति ऑनलाईन चालान भरेगा। उसे ऐसे पोर्टल पर "भू–राजस्व भुगतान" के आइकॉन को क्लिक करना होगा। आनलाइन भुगतान सफलतापूर्वक पूर्ण हो जाने के पश्चात् **प्ररूप–एक** में एक इलेक्ट्रोनिक रसीद जनरेट की जाएगी।

(5) पटेल, पटवारी या नगर सर्वेक्षक को भू–राजस्व का भुगतान किए जाने के मामले में भुगतान प्राप्त करने वाला व्यक्ति **प्ररूप–दो** में, दो प्रतियों में भुगतान की रसीद तैयार करेगा तथा एक प्रति भुगतान करने वाले व्यक्ति को दी जाएगी।

(6) किसी अनुसूचित बैंक के माध्यम से भुगतान के मामले में **प्ररूप–तीन** में तीन प्रतियों में चालान के साथ भुगतान किया जाएगा। धन प्राप्त करने वाले बैंक कर्मचारी द्वारा हस्ताक्षरित तथा बैंक की मुद्रायुक्त एक प्रति भुगतान करने वाले व्यक्ति को लौटा दी जाएगी।

(7) उप नियम (1) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, राज्य सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, किसी स्थानीय प्राधिकरण अथवा स्थानीय प्राधिकरण के किसी वर्ग को भू–राजस्व की ऐसी श्रेणियों का संग्रहण करने के लिए, जो कि अधिसूचना में विनिर्दिष्ट की जाए, प्राधिकृत कर सकेगी और ऐसी अधिसूचना हो जाने पर भू–राजस्व की ऐसी श्रेणियों का भुगतान ऐसे स्थानीय प्राधिकरण को किया जाएगा, किसी अन्य रीति में नहीं। भुगतान की रसीद ऐसे प्ररूप में दी जाएगी जैसी कि राज्य सरकार द्वारा निदेशित की जाए।

**स्पष्टीकरण.**– स्थानीय प्राधिकरण से अभिप्रेत है तत्समय प्रवृत्त तत्स्थानी विधि के अधीन स्थापित कोई नगरपालिक निगम, नगरपालिका परिषद, नगर परिषद या विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण अथवा कोई जिला पंचायत, जनपद पंचायत या ग्राम पंचायत।

4. **मांग की सूचना.** – (1) धारा 146 के अधीन मांग की सूचना **प्ररूप–चार** में दो प्रतियों में जारी की जाएगी।

(2) विभिन्न बकायादारों को मांग की सूचना पृथक्–पृथक् जारी की जाएगी।

(3) ऐसी सूचना मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (राजस्व न्यायालयों की प्रक्रिया) नियम, 2019 के भाग–दो के उपबंधों के अनुसार जारी की जाएगी और तामील करवाई जाएगी।

5. **बकाया के भाग के रूप में वसूली योग्य खर्चे.** – धारा 148 के अधीन बकाया के भाग के रूप मे निम्नलिखित दरों से खर्चे वसूले जाएंगें,–

(क) धारा 146 के अधीन मांग की सूचना की तामीली के लिये रुपए एक सौ ; तथा

(ख) धारा 147 के अधीन कोई आदेशिका जारी करने और प्रवर्तित करने के लिए रुपये पांच सौ।

**6. जंगम सम्पत्ति की कुर्की का वारंट** .– (1) धारा 147 की उप–धारा (1) के खण्ड (क) के अधीन जंगम सम्पत्ति की कुर्की का प्रत्येक वारंट **प्ररूप–पांच** में जारी किया जाएगा और यदि उसका विक्रय प्रवर्तित कराया जाना है तो **प्ररूप–छह** में उद्घोषणा जारी की जाएगी।

(2) ऐसी उद्घोषणा मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (राजस्व न्यायालयों की प्रक्रिया) नियम, 2019 के भाग–दो के उपबंधों के अनुसार जारी की जाएगी।

(3) ऐसे वारंट के अनुपालन में जंगम सम्पत्ति की कुर्की मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (राजस्व न्यायालयों की प्रक्रिया) नियम, 2019 के भाग–छह के उपबंधों के अनुसार की जाएगी।

**7. स्थावर सम्पत्ति की कुर्की** .– (1) जब धारा 147 की उप–धारा (1) के खण्ड (बी), (बी, बी), (बी,बी,बी) अथवा (ग) के अधीन स्थावर सम्पत्ति को कुर्क किया जाना आदेशित हो, वहां **प्ररूप–सात** में प्रतिषिद्ध करने वाला आदेश जारी किया जाकर कुर्की की जाएगी।

(2) ऐसे आदेश की उद्घोषणा मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (राजस्व न्यायालयों की प्रक्रिया) नियम, 2019 के नियम 72 के उप–नियम (2) में विहित रीति में की जाएगी।

**8. खाते का पट्टे पर दिया जाना.** – (1) जहां खाते को नीलामी द्वारा पट्टे पर दिया जाना हो वहां **प्ररूप–आठ** में एक उद्घोषणा जारी की जाएगी।

(2) ऐसी उद्घोषणा मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (राजस्व न्यायालयों की प्रक्रिया) नियम, 2019 के **भाग दो** के उपबंधों के अनुसार जारी की जाएगी।

(3) पट्टे पर दिए जाने की स्वीकृति दिए जाने के पश्चात् **प्ररूप–नौ** में पट्टा विलेख निष्पादित किया जाएगा।

**9. स्थावर सम्पत्ति का विक्रय** .– (1) जब स्थावर सम्पत्ति का विक्रय किया जाना हो तो –

(क) धारा 147 की उप–धारा (1) के खण्ड (बी) के अधीन विक्रय के मामले में **प्ररूप–दस** में; या

(ख) धारा 147 की उप–धारा (1) के खण्ड (ग) के अधीन विक्रय के मामले में **प्ररूप–ग्यारह** में;

विक्रय के लिए उद्घोषणा जारी की जाएगी।

(2) ऐसी उद्घोषणा मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (राजस्व न्यायालयों की प्रक्रिया) नियम, 2019 के नियम 79 के उपबंधों के अनुसार जारी की जाएगी।

**10. विक्रय का प्रमाण पत्र** .– (1) स्थावर सम्पत्ति के विक्रय के पश्चात्, –

(क) धारा 147 की उप– धारा (1) के खण्ड (बी) के अधीन विक्रय के मामले में **प्ररूप–बारह** में; या

(ख) धारा 147 की उप धारा (1) के खण्ड (ग) के अधीन विक्रय के मामले में **प्ररूप–तेरह** में;

विक्रय प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

**11. प्रकिया जब वह सम्पत्ति जिसके विरूद्ध कार्यवाही की जाना है, अन्य जिले में हो** .– जब वह सम्पत्ति जिसके विरूद्ध धारा 147 की उप–धारा (1) के खण्ड (बी) अथवा खण्ड (ग) के अधीन कार्यवाही की जाना है, उस जिले से भिन्न जिले में स्थित है, जिसमें बकाया उद्भूत हुआ हो तो उस जिले का कलक्टर उस जिले के कलक्टर के प्रस्ताव पर, जिसमें बकाया उत्पन्न हुए, अपेक्षित आदेशिका, प्रचलित करेगा।

**12. बैंक खाता या बैंक लॉकर की कुर्की** .– (1) जब धारा 147 की उप–धारा (2) के अधीन बैंक खाता या बैंक लॉकर को कुर्क किया जाना आदेशित किया गया हो तो **प्ररूप–चौदह** में प्रतिषिद्ध करने वाला आदेश जारी कुर्की की जाएगी।

(2) ऐसे आदेश की उद्घोषणा मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (राजस्व न्यायालयों की प्रक्रिया) नियम, 2019 के नियम 56 के उप–नियम (3) में विहित रीति में की जाएगी।

**13. भू–राजस्व के बकाया का भुगतान करने में चूक करने वाले व्यक्ति की गिरफ्तारी व परिरोध.** – (1) यदि कोई व्यक्ति धारा 146 की उप–धारा (1) के अधीन जारी की गई मांग की सूचना में ऐसे बकाया के भुगतान के लिए मंजूर की गई अवधि के पश्चात् भी पचास लाख रूपये से अधिक के भू–राजस्व के भुगतान में चूक जारी रखता है तो तहसीलदार उपखण्ड अधिकारी को तदनुसार रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकेगा:

परन्तु जहां ऐसी सूचना के प्रति धारा 146 की उप–धारा (2) के अधीन आपत्ति की गई हो वहां तहसीलदार ऐसी आपत्ति को विनिश्चित करने के पश्चात्, यदि अपेक्षित हो, तो उपखण्ड अधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

**स्पष्टीकरण** :– इस नियम के प्रयोजन के लिए, भू–राजस्व के बकाया में सम्मिलित है धारा 155 के अधीन भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूली योग्य धन ।

(2) उप नियम (1) के अधीन तहसीलदार से रिपोर्ट प्राप्त होने पर, उपखण्ड अधिकारी ऐसे व्यक्ति को यह कारण दर्शित करने के लिए कि भू–राजस्व के ऐसे बकाया का भुगतान करने में असफल रहने के लिए क्यों न उसे सिविल कारागार के सुपुर्द कर दिया जाए, सूचना में विनिर्दिष्ट दिवस को उसके समक्ष उपस्थित होने की अपेक्षा करते हुए **प्ररूप–पंद्रह** में सूचना जारी कर सकेगा।

(3) यदि ऐसा व्यक्ति उप नियम (2) के अधीन जारी की गई सूचना के अनुसरण में उसमें विनिर्दिष्ट दिवस को उपस्थित होने में असफल रहता है और भू–राजस्व के ऐसे बकाया के भुगतान में चूक भी जारी रखता है तो उपखण्ड अधिकारी धारा 147 की उप–धारा (3), (4) तथा (5) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करने के लिए **प्ररूप–सोलह** में वारंट जारी कर सकेगा।

(4) जहां ऐसा व्यक्ति उप नियम (2) के अधीन जारी सूचना के पालन में उपखण्ड अधिकारी के समक्ष उपस्थित होता है या उप नियम (3) में जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट के अनुसरण में उसके समक्ष लाया जाता है, वहां उपखण्ड अधिकारी उसे यह कारण दर्शाने के लिए एक अवसर देगा कि उसे भू–राजस्व के ऐसे बकाया का भुगतान करने में असफल रहने के लिए सिविल कारागार को क्यों न सुपुर्द किया जाए।

(5) उप नियम (4) के अधीन जांच पूर्ण हो जाने पर, उपखण्ड अधिकारी धारा 147 की उपधारा (3), (4) तथा (5) के उपबंधों के अध्यधीन रहते हुए ऐसे व्यक्ति को सिविल कारागार को सुपुर्द करने के लिए आदेश कर सकेगा और **प्ररूप–सत्रह** में जेल के सुपुर्द करने का वारंट जारी कर सकेगा और उस दशा में, यदि वह पहले से ही गिरफ्तार नहीं है तो उसे गिरफ्तार करवाएगा।

(6) सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 (1908 का 5) की धारा 55 के उपबंध यथावश्यक परिवर्तन सहित उप–नियम (3) तथा (5) के अधीन गिरफ्तारी को लागू होंगे।

(7) सिविल कारागार से उन्मोचन का आदेश **प्ररूप–अठारह** में होगा।

(8) धारा 147 की उप–धारा (3) के अधीन किसी व्यक्ति को सिविल कारागार में निरुद्ध किए जाने पर उपगत व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

**14. भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूली योग्य धन.** – (1) धारा 155 के अधीन कोई धन भू–राजस्व का बकाया की रीति से वसूल किया जाए, यह विनिश्चित करने वाला सक्षम प्राधिकारी **अनुसूची–एक** के अनुसार होगा।

(2) जहां सक्षम प्राधिकारी यह विनिश्चित करता है कि कोई धन धारा 155 के अधीन भू–राजस्व के बकाया की वसूली की रीति से वसूल किया जाना चाहिये तो वह तहसीलदार को अथवा ऐसे अन्य राजस्व अधिकारी को जिसे कि संहिता के अधीन बकाया वसूल करने के लिए सशक्त किया जाए, लिखित में आवेदन करेगा।

(3) सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाने वाला आवेदन **प्ररूप–उन्नीस** में होगा और ऐसे आवेदन में निम्नलिखित विशिष्टियां अंतर्विष्ट होंगी,–

(क) सक्षम प्राधिकारी जिसको कि धनराशि देय है ;

(ख) देय धनराशि ;

(ग) वह व्यक्ति जिससे कि धनराशि देय है ;

(घ) विधि का वह उपबंध जिसके अधीन धन राशि भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूली योग्य है ;

(ड) वह आदेशिका जिसके द्वारा धनराशि वसूल की जा सकेगी;

(च) वह सम्पत्ति जिसके विरुद्ध आदेशिका निष्पादित की जा सकेगी; तथा

(छ) यथास्थिति धारा 155 के खण्ड (घ), (ई), (एफ), (जी) या (ज) के अधीन अपेक्षित प्रमाण–पत्र।

(4) आवेदन प्राप्त होने पर तहसीलदार अथवा राजस्व अधिकारी संहिता तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार उसका निराकरण करेगा।

(5) ये नियम ऐसे मामलों या मामलों के वर्ग को, जिन्हें कि राज्य सरकार, अधिसूचना द्वारा घोषित करे, लागू नहीं होंगे।

**15. भू–राजस्व में कमी.** – (1) धारा 161 की उप–धारा (1) के अधीन भू स्वामी द्वारा दिया जाने वाला आवेदन **प्ररूप–बीस** में होगा।

(2) आवेदन प्राप्त होने पर कलक्टर आवेदन में दिए गए ब्यौरों की सत्यता के संबध में जांच तथा इस प्रकार की गई जांच के परिणामों की तीन मास से अनधिक की कालावधि के भीतर रिपोर्ट देने के लिए भू–अभिलेख अधीक्षक अथवा सहायक भू–अभिलेख अधीक्षक से अपेक्षा करेगा।

(3) जबकि धारा 161 की उप–धारा (1) के खण्ड (एक), (दो) अथवा (तीन) में वर्णित आधारों पर राजस्व में कमी चाही गई है वहां वह व्यक्ति जिसे जांच सौंपी गई है, स्थल का निरीक्षण करेगा और ऐसे आंकडे (डाटा) संग्रहीत करेगा जिन्हें कि वह आवेदन के निराकरण के लिए आवश्यक समझे।

(4) उप–नियम (3) के अधीन रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् कलक्टर आवेदक को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने तथा अपने दावे के समर्थन में साक्ष्य प्रस्तुत करने के लिए बुलाएगा। यदि आवेदक तथा उसके द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य का सम्यक् परीक्षण करने के पश्चात् उसका यह समाधान हो जाता है कि कमी किए जाने का आदेश किया जाना चाहिए तो वह इस आशय का आदेश, उस रकम का उल्लेख करते हुए जिस तक कि खाते का भू–राजस्व कम किया जाना है, अभिलिखित करेगा जो आवेदक को तत्काल संसूचित किया जाएगा। आदेश की एक प्रति अधिकार अभिलेख तथा मांग सूची में पटवारी द्वारा आवश्यक सुधार करवाए जाने के लिए तहसीलदार को भेजी जाएगी :

परन्तु यदि यह कमी एक सौ रूपये से कम है तो ऐसी कमी किए जाने का कोई आदेश नहीं दिया जाएगा।

(5) भू–राजस्व की गणना मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व का निर्धारण तथा पुनर्निर्धारण) नियम, 2018 के उपबंधों के अनुसार की जाएगी।

**16. निरसन तथा व्यावृत्ति.** – (1) निम्नलिखित नियम एतद्द्वारा निरसित किए जाते हैं,–

(क) अधिसूचना क्रमांक 2457–62–सात–ना (नियम) दिनांक 18 मई, 1916 तथा क्रमांक 3814–2502–सात–ना (नियम) दिनांक 11 अगस्त, 1961 द्वारा यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक 189–6477–सात–ना (नियम) दिनांक 6 जनवरी, 1960 द्वारा धारा 140 क अधीन भू–राजस्व के भुगतान के संबंध में बनाए गए नियम;

(ख) अधिसूचना क्रमांक 190–6477–सात–ना– (नियम) दिनांक 06 जनवरी, 1960, द्वारा धारा 142 के अंतर्गत भू–राजस्व के भुगतान की रसीद के संबंध में बनाए गए नियम;

(ग) अधिसूचना क्रमांक 2804–5041–सात–ना–(नियम) दिनांक 12 जून 1961 तथा अधिसूचना क्रमांक एफ 1 –4–सात–शा.–8–87 दिनांक 04 जुलाई, 1988, द्वारा यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक 191–6477–सात–ना (नियम) दिनांक 06 जनवरी, 1960 द्वारा धारा 144 के अंतर्गत भू–राजस्व के निलम्बन तथा माफी के संबंध में बनाए गए नियम;

(घ) अधिसूचना क्रमांक 2549–5163–60–सात–ना (नियम) दिनांक 25 जून, 1962 तथा अधिसूचना क्रमांक 1841–2882–सात–ना–1 दिनांक 02 जून, 1972, द्वारा यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक 192–6477–सात–ना (नियम) दिनांक 06 जनवरी, 1960, द्वारा धारा 146 तथा 147 के अधीन मांग की सूचना तथा बकाया की वसूली के लिए आदेशिका के संबध में बनाए गए नियम;

(ड.) अधिसूचना क्रमांक 2545–5163–सात–ना (नियम) दिनांक 26 जून, 1962 द्वारा यथा संशोधित अधिसूचना क्रमांक 336–सी आर–742–सात– ना (नियम) दिनांक 11 जनवरी, 1960 द्वारा धारा 155 के अधीन भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूली योग्य धन के संबंध में बनाए गए नियम;

(च) अधिसूचना क्रमांक 194–6477–सात–ना (नियम) दिनांक 6 जनवरी, 1960 द्वारा 161 के अंतर्गत राजस्व में कमी के संबंध में बनाए गए नियम,

(2) ऐसे निरसन से निरसित नियमों के किसी उपबंध के पूर्व प्रवर्तन पर अथवा उसके अधीन सम्यकरूप से की गई किसी बात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और उसका यह प्रभाव होगा मानों वह इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन की गई बात हो।

## अनुसूची–एक
(नियम 14 देखिए)

### कोई धन भू–राजस्व के बकाया की रीति में वसूल किया जाना चाहिए यह विनिश्चित् करने के लिए सक्षम प्राधिकारी

| अनु. क्रमांक | धन की श्रेणी | सक्षम प्राधिकारी |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1. | **धारा 155 के खण्ड (क) के अधीन**<br>ऐसे प्रभारों के सिवाय जो धारा 58 की उप–धारा (2) के अधीन भू–राजस्व में सम्मिलित किये गये हैं, संहिता या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियमिति के अधीन देय या उद्ग्रहणीय समस्त लगान, रायल्टी, जल दरें, उपकर, फीस, प्रभार, प्रीमियम, शास्तियाँ, जुर्माने तथा खर्च | संहिता के अधीन देय या उद्ग्रहणीय धन के मामले में, तहसीलदार<br>किसी अन्य अधिनियमिति के अधीन देय या उद्ग्रहणीय धन के मामले में, ऐसी अधिनियमिति के अधीन ऐसे धन या उद्ग्रहण के भुगतान के लिए आदेश देने वाला न्यायालय, प्राधिकारी या अधिकारी |
| 2. | **धारा 155 के खण्ड (ख) के अधीन**<br>ऐसे समस्त धन जो किसी ऐसे अनुदान, पट्टे या संविदा के, जिसमें यह उपबंध हो कि वे उसी रीति में वसूल किये जा सकेंगे जिस रीति में कि भू–राजस्व का बकाया वसूल किया जाता है, के अधीन राज्य सरकार को शोध्य होते हैं | ऐसा अनुदान, पट्टा या संविदा मंजूर करने वाला प्राधिकारी या अधिकारी |
| 3. | **धारा 155 के खण्ड (खख) के अधीन**<br>किसी प्रत्याभूति–संविदा के अधीन प्रत्याभूत की गई रकम की सीमा तक राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभूत किये गये समस्त धन जिनमें यह उपबंध हो कि वे उसी रीति में वसूली योग्य होंगे जिसमें कि भू–राजस्व का बकाया वसूल किया जाता है | ऐसी प्रत्याभूति मंजूर करने वाला प्राधिकारी या अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| 4 | **धारा 155 के खण्ड (ग) के अधीन**<br>ऐसी समस्त राशियाँ जिनके बारे में इस संहिता या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य अधिनियमिति द्वारा यह घोषित किया गया हो कि वे उसी रीति में वसूल योग्य होंगी जिस रीति में कि भू–राजस्व का बकाया वसूल किया जाता है | संहिता के अधीन वसूली योग्य राशियों के मामले में, तहसीलदार<br>किसी अन्य अधिनियमिति के अधीन वसूली योग्य राशियों के मामले में, ऐसी वसूली का आदेश देने वाला न्यायालय, प्राधिकारी या अधिकारी |
| 5 | **धारा 155 के खण्ड (घ) के अधीन**<br>कोई ऐसी राशि जिसके बारे में राज्य के किसी क्षेत्र में तत्समय प्रवृत्त सहकारी सोसाइटियों से संबंधित किसी विधि के अधीन नियुक्त किये गये समापक द्वारा यह आदेश दिया गया है कि वह किसी सोसाइटी की आस्तियों के प्रति अभिदाय के रूप में या समापन के खर्च के रूप में वसूल की जाय | ऐसी विधि के अधीन नियुक्त रजिस्ट्रार |
| 6 | **धारा 155 के खण्ड (ड.) के अधीन**<br>वह धन जो मध्यप्रदेश एग्रो इंडस्ट्रीज डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड को देय होते हों | उक्त कार्पोरेशन का प्रबंध संचालक |
| 7 | **धारा 155 के खण्ड (च) के अधीन**<br>वह धन जो मध्यप्रदेश लघु उद्योग निगम मर्यादित तथा मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम मर्यादित को देय होते हों | उक्त कार्पोरेशन का प्रबंध संचालक |
| 8 | **धारा 155 के खण्ड (छ) के अधीन**<br>वह धन जो मध्यप्रदेश लिफ्ट इरीगेशन कार्पोरेशन लिमिटेड को देय होते हों | उक्त कार्पोरेशन का प्रबंध संचालक |
| 9 | **धारा 155 के खण्ड (ज) के अधीन**<br>वह धन जो राज्य सरकार के स्वामित्व और राज्य सरकार द्वारा नियंत्रित ऐसी सत्ता (ऐंटिटी) जो कि इस निमित्त राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित की जाए को देय होते हों | उक्त सत्ता (ऐंटिटी) का मुख्य कार्यपालक, चाहे वह किसी भी नाम से जाना जाता हो |

प्ररूप –एक
(नियम 3 (4) देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020
सफल भुगतान के पश्चात् रसीद जनरेट होगी।
भू–राजस्व की रसीद (आवेदक की प्रति)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| आवेदन क्रमांक : .....<br>Application No..... | ग्राम/नगर.....<br>Village/Town.....<br>..... | जीएसटीएन.....<br>GSTN..... | दिनांक .....<br>Date..... | रसीद संख्या .....<br>Receipt No..... |
| पटवारी हल्का क्रमांक/<br>सेक्टर क्रमांक .....<br>Patwari Halka No/Sector No..... | राजस्व निरीक्षक वृत्त.....<br>Revenue Inspector Cirvle..... | | तहसील .....<br>Tahsil.....<br>..... | जिला .....<br>District..... |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| सेवा के ब्यौरे .....<br>Particulars of service..... | आवेदक/जमाकर्ता का नाम<br>.....<br>Name of applicant/Depositor.....<br>..... | | Public user def def | | |
| वर्ष .....<br>Year ..... | खाता संख्या...<br>...<br>Holding No..... | क्षेत्रफल.....<br>Area..... | भुगतान की गई भू–राजस्व की राशि रुपये.....<br>.....<br>Amount of land revenue paid rupees..... | सेवा शुल्क रुपये .....<br>.....<br>Service fee rupees....<br>..... | योग रुपये.....<br>.....<br>.....<br>Total rupees.....<br>..... |

| | |
|---|---|
| जिसके पश्चात् रसीद बंद करें व "कुल राजस्व भुगतान राशि" भरें। | After which close the receipt & pay for "Kul Rajasv bhugtan rashi". |
| चेकबॉक्स बटन का चयन करके "जमा करें" बटन पर क्लिक करें। | Select checkbox button & clicl on "jama kare" button. |
| टिप्पणः– यह एक कम्प्यूटर जनेरेटेड रसीद है और इस पर हस्ताक्षर और मुद्रा की आवश्यकता नहीं है। | Note:- This is a computer generated receipt and no need of signature and seal on it. |

प्ररूप–दो दो प्रतियों

(नियम 3 (5) देखिए)

**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020**

**पटेल, पटवारी तथा नगर सर्वेक्षक द्वारा प्रदान की जाने वाली रसीद**

पुस्तक संख्या.....रसीद संख्या..... दिनांक.....

1– खातेदार का नाम – .....

2– भूमिस्वामी या सरकारी पट्टेदार – .....(जो लागू हो √ करें)

3– जिला.....तहसील.....ग्राम/नगर.....?

पटवारी हल्का क्रमांक /सेक्टर क्रमांक ..... खाता क्रमांक .....

| सर्वेक्षण संख्यांक/ब्लॉक संख्यांक/भू–खण्ड संख्यांक | क्षेत्रफल (हैक्टर या वर्ग मीटर में) | भूमिस्वामी/सरकारी पट्टेदार या भुगतान करने वाले अन्य व्यक्ति का नाम | बकाया के ब्यौरे तथा वर्ष | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | वर्ष | बकाया के ब्यौरे | बकाया राशि (रुपए में) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | |
| | | | | | |

| कॉलम (5) के विरूद्ध भुगतान की गई राशि | | भुगतान की गई राशि शब्दों में | अग्रिम भुगतान के ब्यौरे (10 वर्ष तक) तथा राशि (शब्दों में तथा अंकों) | बकाया अवशेष /चालू | कुल प्राप्त राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| वर्ष | भुगतान की गई राशि | | | | |
| (6) | (7) | (8) | (9) | (10) | (11) |
| | | | | | |
| | | | | | |

भुगतान करने वाले व्यक्ति के हस्ताक्षर प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर तथा पदनाम

**टिप्पण** :–1. शासकीय देयों का भुगतान करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपने खाते का निःशुल्क निरीक्षण करने का अधिकार प्राप्त है।

2. शासकीय देय के भुगतान के बारे में इससे अन्य किसी प्ररूप मे रसीद मान्य नही हैं।

प्ररूप–तीन तीन प्रति में

[(नियम 3 (6) देखिए)]

**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020**

**अनुसूचित बैंक के माध्यम से भुगतान के मामले में चालान रसीद**

कोषालय में भुगतान किये गये धन का चालान
(कोषालय नियम 10 के सहायक नियम 19 तथा 22)
(तीन प्रति में प्रस्तुत किया जाए)

| किसके द्वारा लाया गया | किस बाबत् | शीर्ष | राशि रूपए में |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | योग | |

**राजस्व का शीर्ष**

| विभाग का कोड तथा नाम | मुख्य शीर्ष | उप मुख्य शीर्ष | उप लघु शीर्ष | योजना शीर्ष | प्रयोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| मर्चेन्ट संख्या..... ..... | | एचओए का विवरण..... ..... | | अधिनियम / संहिता..... | सीआरएन संख्या..... |
| बैंक स्क्रॉल संख्या | स्क्रॉल दिनांक | सीआइएन संख्या | | बीआरएन संख्या | |
| | | | | | |

(कोषालय के कार्यालयीन उपयोग हेतु)

| परीक्षित | प्राप्त | प्रविष्ट | |
|---|---|---|---|
| | रुपए अंकों में ..... | चालान संख्या | चालान दिनांक |
| | रुपए शब्दों में ..... | ..... | ..... |
| लेखापाल के आद्याक्षर | कोषाधिकारी के हस्ताक्षर | कोषाधिकारी के हस्ताक्षर | |

मुद्रा भुगतान प्राप्त करने वाले बैंक कर्मचारी के हस्ताक्षर

## प्ररूप –चार

(नियम 4 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020

समक्ष न्यायालय ............................................

प्रकरण क्रमांक..................

## मांग की सूचना

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 146 के अधीन)

प्रति,

श्री .......................... पुत्र/पुत्री/पत्नि श्री ......................... निवासी ................... ग्राम/नगर ................................ तहसील ...................... जिला ..........................

आपसे एतद्द्वारा यह सूचना ग्रहण करने की अपेक्षा की जाती है कि संलग्न विवरण पत्र में दिए गए ब्यौरे के अनुसार भू–राजस्व के बकाया के लेखे आप पर रूपये .............. देय हैं तथा यह कि यदि शास्ति, ब्याज एवं सूचना तामील करने के खर्चे (जो रूपये ................ है) सहित इस सूचना की प्राप्ति के .................. दिन के भीतर उसका भुगतान नहीं किया गया तो देय की वसूली हेतु आपके विरूद्ध प्रपीडक कार्रवाई की जाएगी।

राशि रूपए में

| ग्राम/नगर | पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक | खाता क्रमांक | बकाया राशि | शास्ति और ब्याज | सूचना तामील करने के खर्चे | कुल देय राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| | | | | | | |

मुद्रा तहसीलदार

दिनांक ................ ..................................................................

671

**नोटिस की तामील व्यक्तिशः किए जाने पर पृष्ठांकन निम्नानुसार किया जाएगा –**

| | |
|---|---|
| साक्षी के हस्ताक्षर.....<br>नाम.....<br>पिता/पति का नाम.....<br>पता.....<br>.....<br>मोबाईल नम्बर .....(यदि कोई हो) | प्राप्तकर्ता के हस्ताक्षर .....<br>नाम.....<br>मोबाईल नम्बर .....(यदि कोई है)<br>(प्रेषिती से भिन्न होने पर उससे संबंध).....<br>.. |
| नोटिस मेरे द्वारा दिनांक.....को तामील किया गया।<br>तामीलकर्ता के हस्ताक्षर.....<br>नाम.....<br>पदनाम.....<br>दिनांक, ..... 20..... | तहसील के माध्यम से नोटिस तामील किए जाने की दशा में माल जमादार के प्रतिहस्ताक्षर<br>हस्ताक्षर.....<br>नाम.....<br>मुद्रा पदनाम.....<br>दिनांक .....20..... |

**जहां नोटिस की तामील चस्पा द्वारा की जाती है, पृष्ठांकन निम्नानुसार किया जाएगा –**

| | |
|---|---|
| साक्षीगण जिनके द्वारा गृह की पहचान की गई और जिसकी उपस्थिति में नोटिस चस्पा किया गया था<br>(1) साक्षी के हस्ताक्षर .....<br>नाम.....<br>पिता/पति का का नाम.....<br>पता.....<br>.....<br>मोबाईल नम्बर .....(यदि कोई हो)<br><br>(2) साक्षी के हस्ताक्षर.....<br>नाम.....<br>पिता/पति का का नाम.....<br>पता.....<br>.....<br>मोबाईल नम्बर .....(यदि कोई हो) | 1. नोटिस मेरे द्वारा..... (स्थान का नाम) पर दिनांक..... को पार्श्व में उल्लेखित साक्षीगणों की उपस्थिति में चस्पा कर तामील किया गया।<br><br>2. नोटिस की तामील चस्पा द्वारा किये जाने का कारण .....<br>.....<br>.....<br><br>तामीलकर्ता के हस्ताक्षर.....<br>नाम.....<br>पदनाम.....<br>दिनांक .....20..... |
| तहसील के माध्यम से नोटिस तामील किए जाने की दशा में माल जमादार के प्रतिहस्ताक्षर<br>हस्ताक्षर.....<br>नाम.....<br>पदनाम.....<br>मुद्रा<br>दिनांक .....20..... | |

6 72

प्ररूप –पांच

(नियम 6 देखिए)

**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020**

समक्ष न्यायालय.....

प्रकरण क्रमांक.....

जंगम संपत्ति की कुर्की का वारंट

(मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147 (1) (क) के अधीन)

प्रति,

.....

[उस व्यक्ति का नाम व पद जिसे कि वारंट के निष्पादन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है]

क्योंकि ..... पुत्र/पुत्री/पत्नि ..... निवासी ..... तहसील जिला ..... ने भू–राजस्व के बकाया के लेखे संलग्न अनुसूची–एक में दिए गए विवरण के अनुसार रुपये ..... के भुगतान में चूक की है, आपको एतद्द्वारा नीचे अनुसूची–दो में यथावर्णित जंगम संपत्ति को कुर्क करने तथा जब तक कि कुल देय धनराशि का भुगतान नहीं कर दिया जाता, इस न्यायालय का आगामी आदेश होने तक उस संपत्ति को धारण करने का आदेश दिया जाता है।

आपको यह वारंट दिनांक .....20 को या उसके पूर्व उस दिनांक तथा रीति का, जिसमें उसका निष्पादन किया गया अथवा उसका निष्पादन क्यों नहीं किया गया, यह प्रमाणीकरण करते हुए पृष्ठांकन सहित वापस लौटाने का भी आदेश दिया जाता है।

अनुसूची – एक

**देय बकाया के ब्यौरे**

राशि रूपए में

| ग्राम/नगर | पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक | खाता क्रमांक | बकाया के ब्यौरे | | शास्ति तथा ब्याज | देय राशि कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बकाया राशि | आदेशिका जारी करने तथा उसके प्रवर्तन के खर्चे | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| | | | | | | |

## अनुसूची –दो

## कुर्क की गई जंगम संपत्ति के ब्यौरे

1. .....

2. .....

मुद्रा

तहसीलदार

दिनांक .....

**प्ररूप –छह**

**(नियम 6 देखिए)**

**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020**

**समक्ष न्यायालय .....**

**प्रकरण क्रमांक.....**

**जंगम संपत्ति के विक्रय की उद्घोषणा**

**[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147(1) (क) के अधीन]**

क्योंकि नीचे विनिर्दिष्ट जंगम संपत्ति को श्री ..... पुत्र/पुत्री/पत्नि ..... निवासी ..... तहसील ..... जिला ..... द्वारा देय भू–राजस्व के बकाया, शास्ति, ब्याज और कार्यवाहियों के खर्चों के लेखे वसूली के लिए कुर्क किया गया है।

एतद्द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि यदि इसमें विक्रय के लिए नियत दिनांक के पूर्व देय राशि का भुगतान नहीं कर दिया जाता तो उक्त संपत्ति का विक्रय स्थान ..... पर दिनांक ..... सन् 20 ..... को ..... बजे या उस समय के लगभग लोक नीलामी द्वारा कर दिया जाएगा:–

| अनु. क्रमांक | जंगम सम्पत्ति का विवरण | वस्तुओं की संख्या |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| | | |

मुद्रा तहसीलदार

दिनांक ..... .....

674

प्ररूप —सात
(नियम 7 देखिए)
मध्यप्रदेश भू—राजस्व संहिता (भू—राजस्व की उगाही) नियम, 2020

समक्ष न्यायालय ..........................................

प्रकरण क्रमांक....................

खाता/स्थावर संपत्ति की कुर्की
[मध्यप्रदेश भू—राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147(1) (बी), 147 (1) ( बी बी ), 147(1) (बी बी बी ) तथा 147 (1) (ग) के अधीन]

क्योंकि श्री ......................... पुत्र/पुत्री/पत्नि ...................... निवासी...................... तहसील ..................... जिला ........................ने उसके द्वारा देय.......................... के लेखे नीचे अनुसूची—एक में दिए गए ब्यौरे के अनुसार रूपए .................. के भुगतान में चूक की है।

अनुसूची —एक
देय बकाया के ब्यौरे

राशि रूपयों में

| ग्राम/नगर | पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक | खाता क्रमांक | बकाया के ब्यौरे | | शास्ति तथा ब्याज | देय राशि कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | बकाया राशि | आदेशिका जारी करने तथा उसके प्रवर्तन के खर्चे | | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) | (7) |
| | | | | | | |

यह आदेश दिया जाता है कि उक्त .................... को निम्न अनुसूची में विनिर्दिष्ट संपत्ति को विक्रय, दान या अन्यथा अन्तरित या भार युक्त करने से इस न्यायालय के आगामी आदेश तक निषेधित किया जाता एवं रोका जाता है उसी प्रकार तथा उसे क्रय, दान या अन्यथा प्राप्त करने से एतद्द्वारा निषेधित किया जाता है।

अनुसूची—दो
(स्थावर संपत्ति का विवरण)

1. .................
2. .................

मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय की मुद्रा द्वारा आज दिनांक ........... 20....... को जारी किया गया।

मुद्रा तहसीलदार

दिनांक ..............

675

**प्ररूप –आठ**

**(नियम 8 देखिए)**

**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020**

**समक्ष न्यायालय .....**

**प्रकरण क्रमांक.....**

## खाते को पट्टे पर देने की उद्घोषणा

**[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147 (1)(बी बी) तथा 147 (1) (बी बी बी) के अधीन]**

क्योंकि श्री ..... पुत्र/पुत्री/पत्नि ..... निवासी ..... तहसील ..... जिला..... के नीचे विनिर्दिष्ट खाते/खातों को कॉलम (6) में विनिर्दिष्ट भू–राजस्व के बकाया तथा आदेशिका जारी करने तथा उसके प्रवर्तन के खर्चे के कारण देय ..... रूपए की वसूली के लिए कुर्क किया गया है;

एतद्द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि यदि शोध्य रकम पट्टे पर देने के लिए एतद्द्वारा नियत दिन के पूर्व न चुकाई गई तो उक्त खाता/खातों को उस /उन पर अधिरोपित समस्त भारों और उसके/उनके संबंध में किए गए समस्त अनुदानों से एवं संविदाओं से मुक्त स्थान ..... पर दिनांक ..... को या ..... बजे के लगभग सार्वजनिक नीलामी द्वारा ..... कृषि वर्षों की कालावधि के लिए पट्टे पर दे दिया जाएगा।

**राशि रूपयों में**

| ग्राम/नगर | पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक | खाता क्रमांक | क्षेत्रफल (हेक्टर में) | निर्धारण | बकाया |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| | | | | | |

टिप्पणी– 1. प्रत्येक खाते पर शोध्य भू–राजस्व के बकाया को कालम (6) में पृथक् रूप से उल्लिखित किया जाना चाहिए।

2. यदि किसी खाते में एक से अधिक सर्वेक्षण संख्यांक, उपखंड समाविष्ट हों तो पट्टे को संचालित करने वाले अधिकारी को यह स्वतंत्रता होगी कि वह ऐसे संख्यांकों में से एक या अधिक संख्यांकों को, जैसा कि बकाया वसूल करने के हेतु आवश्यक समझा जाए, पट्टे पर दे।

खाते का पट्टे पर दिया जाना निम्नलिखित निबंधनों तथा शर्तों के अध्यधीन होगा:--

(एक) मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 2 की उप–धारा (1) के खण्ड (ठ) तथा उसके अधीन बनाए गए नियमों में यथा परिभाषित "भूमिहीन व्यक्ति" ही नीलामी में बोली लगाने का पात्र होगा।

(दो) पट्टेदार अपनी भूमि या उसके किसी भाग में के किसी अधिकार का विक्रय, दान, बंधक, उप पट्टे या अन्यथा के रूप में अंतरण नहीं करेगा तथा यदि ऐसा अंतरण किया जाता है तो वह शून्य होगा।

(तीन) पट्टेदार भूमि का केवल कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग करेगा।

(चार) पट्टेदार अपने पट्टे की कालावधि के दौरान भूमि पर पूर्ण निर्धारण का भुगतान करेगा।

(पांच) पट्टेदार भूमि या उसके किसी भाग पर स्थायी प्रकार का कोई निर्माण नहीं करेगा।

(छह) पट्टेदार पट्टे की कालावधि के दौरान भूमि में किए गए सुधारों के बारे में उसके द्वारा किए गए व्ययों की बाबत् किसी प्रतिकर का दावा करने का हकदार नहीं होगा।

(सात) पट्टेदार उसके पक्ष में नीलामी की बोली खत्म की जाने के तुरंत पश्चात् बोली की कुल रकम का भुगतान करेगा या वह बोली की रकम का कम से कम 1/4 भाग का तुरंत भुगतान कर सकेगा तथा शेष रकम का नीलाम के दिनांक से 15 दिन के भीतर उसके द्वारा भुगतान किया जाएगा।

(आठ) यदि शेष रकम का पट्टेदार द्वारा विनिर्दिष्ट कालावधि के भीतर भुगतान नही किया जाता है तो पूर्व में जमा की गई बोली की रकम समपहृत कर ली जाएगी तथा पुनः नीलामी की जाएगी।

(नौ) यह तहसीलदार के विवेक पर होगा कि वह अधिकतम बोली को स्वीकार करे या न करे तथा भूमि को पट्टे पर दे।

(दस) पट्टे की कालावधि समाप्त हो जाने पर पट्टा अपने आप रद्द हो जाएगा तथा पट्टे के अधीन भूमि उसके मूल स्वामी को अंतरित कर दी गई समझी जाएगी।

मुद्रा तहसीलदार

दिनांक ..... .....

677

प्ररूप –नौ

(नियम 8 देखिए)

**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020**

प्रकरण क्रमांक.....

**पट्टा विलेख**

**[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147(1) (बी बी) तथा 147(1) (बी बी बी) के अधीन]**

ग्राम/नगर ..... तहसील ..... जिला ..... में स्थित उस भूमि, जिसे संलग्न अनुसूची में और विशिष्ट रूप से उल्लिखित किया गया है, का यह अस्थायी पट्टा तहसील .....जिला ..... के तहसीलदार द्वारा श्री ..... पुत्र/पुत्री/पत्नि ..... निवासी ..... जिला ..... को (जिसे इसमें इसके पश्चात् पट्टाग्रहीता के नाम से निर्दिष्ट किया गया है) निम्नलिखित निबंधनों तथा शर्तों पर प्रदान किया जाता है:–

(1) पट्टेदार भूमि को कृषि वर्ष ..... से कृषि वर्ष ..... तक धारण करेगा।

(2) पट्टेदार भूमि का केवल कृषिक प्रयोजनों के लिए उपयोग करेगा।

(3) पट्टेदार भूमि या उसके किसी भाग पर स्थायी प्रकार का कोई निर्माण नही करेगा।

(4) पट्टेदार पट्टे की कालावधि के दौरान भूमि में किए गए सुधारों के बारे में उसके द्वारा किए गए व्ययों की बाबत् किसी प्रतिकर का दावा करने का हकदार नहीं होगा।

(5) पट्टेदार पट्टे के दिनांक के आगामी राजस्व वर्ष से भूमि के पूर्ण निर्धारण का भुगतान करेगा।

(6) पट्टेदार अपनी भूमि या उसके किसी भाग में के किसी अधिकार का विक्रय, दान, बंधक, उप पट्टे या अन्यथा अंतरण नहीं करेगा तथा यदि ऐसा अंतरण किया जाता है तो वह शून्य होगा।

(7) पट्टे की कालावधि समाप्त हो जाने पर पट्टा अपने आप रद्द हो जाएगा तथा पट्टे के अधीन भूमि उसके मूल स्वामी को अंतरित कर दी गई समझी जाएगी।

(8) यदि पट्टेदार विनिर्दिष्ट दिनांक को भू–राजस्व का भुगतान न करे या ऊपर विनिर्दिष्ट की गई शर्तों में से किसी भी शर्त का भंग करे तो तहसीलदार भूमि में प्रवेश कर सकेगा तथा खड़ी फसलों (यदि कोई हों) सहित भूमि का कब्जा ले सकेगा और तहसीलदार इस संबंध में कोई नुकसानी या प्रतिकर चुकाने के दायित्वाधीन नहीं होगा।

अनुसूची

| ग्राम/नगर | पटवारी हल्का क्रमांक /सेक्टर क्रमांक | सर्वेक्षण संख्यांक | पट्टे पर दी गई भूमि का क्षेत्रफल | निर्धारण | अभ्युक्तियां |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| | | | | | |

आज दिनांक ..... 20..... को प्रदत्त किया गया।

साक्षीगण –

तहसीलदार

1. .....
2. .....

मैंने ऊपर विनिर्दिष्ट शर्तें पढ़ तथा समझ ली हैं और मैं उनका पालन करने के लिए सहमत हूँ।

साक्षीगण –

1. .....
2. .....

पट्टेदार के हस्ताक्षर

**प्ररूप –दस**

**(नियम 9 देखिए)**

**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020**

**समक्ष न्यायालय .....**

**प्रकरण क्रमांक.....**

**खाते के विक्रय की उद्घोषणा**

**[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147(1)(बी) के अधीन]**

क्योंकि नीचे विनिर्दिष्ट खाता/खातों को श्री..... पुत्र/पुत्री/पत्नि ..... निवासी ..... तहसील ..... जिला ..... पर कालम (6) में विनिर्दिष्ट भू–राजस्व के बकाया तथा आदेशिका जारी करने तथा उसके प्रवर्तन के खर्चे के लेखे रूपए..... की वसूली हेतु कुर्क किया गया है;

एतद्द्वारा यह उद्घोषणा की जाती है कि यदि एतद्द्वारा विक्रय के लिए नियत दिनांक से पूर्व देय राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो उक्त खाता/खातों का उस पर/उन पर अधिरोपित समस्त भारों और उसके/उनके संबंध में किए गए समस्त अनुदानों से एवं संविदाओं से मुक्त ..... पर ..... दिनांक.....20 को ..... बजे या लगभग सार्वजनिक नीलामी द्वारा विक्रय कर दिया जाएगा।

**राशि रूपयों में**

| ग्राम/नगर | पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक | खाता क्रमांक | क्षेत्रफल (हेक्टर में) | निर्धारण | बकाया |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| | | | | | |

टिप्पणी :– (एक) प्रत्येक खाते पर शोध्य भू–राजस्व के बकाया को कॉलम (6) में पृथक् रूप से विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए।

(दो) यदि किसी खाते में एक से अधिक सर्वेक्षण संख्यांक या उपखंड समाविष्ट हों तो विक्रय को संचालित करने वाले अधिकारी को यह स्वतंत्रता होगी कि वह ऐसे संख्यांकों में से एक या अधिक संख्यांकों का, जैसा कि बकाया वसूल करने के हेतु आवश्यक समझा जाए, विक्रय करे।

मुद्रा तहसीलदार

दिनांक .....

प्ररूप –ग्यारह

(नियम 9 देखिए)

**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की वसूली) नियम, 2020**

**समक्ष न्यायालय** .....

**प्रकरण क्रमांक**.....

स्थावर संपत्ति के विक्रय की उद्घोषणा

**[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147(1) (ग) के अधीन]**

क्योंकि नीचे वर्णित स्थावर संपत्ति ..... पुत्र/पुत्री/पत्नि ..... निवासी तहसील ..... जिला .....पर ..... के लेखे देय रूपए ..... तथा आदेशिका जारी करने तथा उसके प्रवर्तन के खर्चे के लेखे देय रूपए ..... की वसूली हेतु कुर्क की गई है;

एतद्द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि यदि इसमें विक्रय के लिए नियत दिनांक से पूर्व उपरोक्त संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं कर दिया जाता है तो उक्त संपत्ति का विक्रय स्थान ..... पर दिनांक ..... सन् 20 ..... को ..... बजे या उसके लगभग सार्वजनिक नीलाम द्वारा कर दिया जाएगा।

विक्रय का विस्तार केवल उक्त संपत्ति में उक्त बकायादार के अधिकारों, हकों तथा हितों तक सीमित होगा।

संपत्ति के ब्यौरे

| अनुक्रमांक | विवरण | निर्धारण, (यदि कोई हो) (रूपए में) | किसी भी ज्ञात भार आदि की टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| | | | |

मुद्रा तहसीलदार

दिनांक ..... .....

**प्ररूप –बारह**
**(नियम 10 देखिए)**
**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020**

**समक्ष न्यायालय .....**

**प्रकरण क्रमांक.....**

**भूमि के हेतु विक्रय प्रमाण पत्र**
**[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147(1) (बी) के अधीन]**

यह प्रमाणित किया जाता है कि ..... पुत्र/पुत्री/पत्नि ..... निवासी ग्राम ..... तहसील..... जिला ..... को दिनांक.....20..... को आयोजित सार्वजनिक नीलामी द्वारा विक्रय में नीचे विनिर्दिष्ट खाते का क्रेता घोषित किया गया है।

ऐसे विक्रय द्वारा क्रेता को वह संपत्ति उस पर अधिरोपित समस्त भारों से तथा क्रेता से भिन्न किसी भी व्यक्ति द्वारा इसके संबंध में किए गए समस्त दानों एवं संविदाओं से मुक्त रूप में हस्तांतरित हुई है।

| ग्राम/नगर | पटवारी हल्का क्रमांक/ सेक्टर क्रमांक | खाता क्रमांक | क्षेत्रफल (हेक्टर में) | निर्धारण (रूपए में) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) |
| | | | | |

| खाते में समाविष्ट सर्वेक्षण संख्यांकों/ब्लॉक संख्यांकों /भू–खण्ड संख्यांकों के ब्यौरे | दर्ज भूमिस्वामी का नाम | धन राशि जिसमें क्रय किया गया (रूपए में) |
|---|---|---|
| (6) | (7) | (8) |
| | | |

मुद्रा तहसीलदार

दिनांक ..... .....

प्ररूप –तेरह

(नियम 10 देखिए)

मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020

समक्ष न्यायालय .....

प्रकरण क्रमांक.....

स्थावर संपत्ति का विक्रय प्रमाण पत्र

[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147(1) (ग) के अधीन]

यह प्रमाणित किया जाता है कि.....पुत्र/पुत्री/पत्नि ..... निवासी ग्राम ..... तहसील ..... जिला ..... को दिनांक .....20 को आयोजित सार्वजनिक नीलामी द्वारा विक्रय में नीचे विनिर्दिष्ट स्थावर संपत्ति का क्रेता घोषित किया गया है।

ऐसे विक्रय द्वारा क्रेता को उक्त संपत्ति में के..... पुत्र/पुत्री/पत्नि ..... के अधिकार, हक तथा हित अंतरित हुए हैं।

संपत्ति के ब्यौरे

| अनुक्रमांक | विवरण | स्थान (जहां संपत्ति स्थित है) | निर्धारण (यदि कोई हो) (रूपए में) | दर्ज स्वामी/भूमि –स्वामी का नाम | धनराशि जिसमें क्रय किया गया (रूपए में) |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

मुद्रा

दिनांक .....

तहसीलदार

.....

प्ररूप –चौदह
(नियम 12 देखिए)
**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020**

समक्ष न्यायालय .....

प्रकरण क्रमांक.....

**बैंक खाता/बैंक लॉकर की कुर्की का वारंट**
**[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147 (2) के अधीन]**

प्रति,

.....

(उस व्यक्ति का नाम व पदनाम जिसे कि वारंट के निष्पादन का उत्तरदायित्व सौंपा गया है।)

क्योंकि ..... पुत्र/पुत्री/पत्नि ..... निवासी ..... तहसील ..... जिला ..... ने भू–राजस्व के लेखे संलग्न अनुसूची–एक में दिए गए विवरण के अनुसार .....रुपए के भुगतान में चूक की है। आपको एतद्द्वारा उक्त व्यक्ति के अनुसूची–दो में दिए गए विवरण के अनुसार बैंक खाते/बैंक लॉकर को कुर्क करने तथा जब तक कि देय संपूर्ण राशि का भुगतान नहीं कर दिया जाता, उसे इस न्यायालय की आगामी आज्ञापर्यंत धारण करने की आज्ञा दी जाती है। इस आदेश से आपको बकायादार का दूसरा बैंक खाता अथवा बैंक लॉकर खोले जाने से रोका जाता है।

आपको यह वारंट दिनांक ..... को या उसके पूर्व इस पृष्ठांकन सहित, जिसमें उस दिनांक का जिसको और उस रीति का, जिसमें इसका निष्पादन हुआ या इसका क्यों निष्पादन नहीं हुआ, प्रमाणन हो, वापस लौटाने का भी आदेश दिया जाता है।

**अनुसूची–एक**
**देय बकाया का विवरण**

| बकाया राशि | आदेशिका जारी करने तथा उसके प्रवर्तन के खर्चे | शास्ति और ब्याज (यदि कोई हो) | (राशि रूपए में) कुल देय राशि |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| | | | |

**अनुसूची–दो**

1. बैंक लॉकर्स के ब्यौरे .....
2. बैंक खाता क्रमांक के ब्यौरे .....

मुद्रा

तहसीलदार

दिनांक .....

.....

**प्ररूप –पंद्रह**

(नियम 13 देखिए)

**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020**

..... समक्ष न्यायालय उपखण्ड अधिकारी

प्रकरण क्रमांक.....

.....

विरूद्ध

.....

**सूचना**

**[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147 (3) के अधीन]**

प्रति,

कु/श्री/श्रीमती.....पुत्र/पुत्री/पत्नि.....

निवासी ग्राम/नगर.....तहसील.....जिला.....

क्योंकि आपने तहसील ..... जिला ..... के तहसीलदार द्वारा दिनांक ..... को आप पर तामील की गई मांग की सूचना क्रमांक..... की तामीली के बावजूद भू–राजस्व के भुगतान में, जिसकी राशि रूपये ..... (रूपये.....) होती है, चूक की है।

अतएव, आपसे एतद्द्वारा यह अपेक्षा की जाती है कि आप दिनांक ..... 20 ..... को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर कारण दर्शाएं कि उक्त धनराशि जमा करने में असफल रहने के कारण आपको सिविल कारागार के सुपुर्द क्यों न कर दिया जाए।

आज दिनांक .....20..... को मेरे हस्ताक्षर से तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर प्रदत्त।

मुद्रा

दिनांक.....

उपखण्ड अधिकारी

उपखण्ड .....

जिला .....

प्ररूप –सोलह

(नियम 13 देखिए)

**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020**

**समक्ष न्यायालय उपखण्ड अधिकारी .....**

**प्रकरण क्रमांक...../20.....**

**..... आवेदक**

**विरूद्ध**

**..... अनावेदक**

**गिरफ्तारी वारंट**

**[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 (क्रमांक 20 सन् 1959) की धारा 147 की उप धारा (3) के अधीन शक्तियों के प्रयोग में जारी]**

प्रति,

.....

.....

(उस व्यक्ति का नाम व पद जिसे कि वारंट का निष्पादन करना है)

क्योंकि ..... (वारंटी का नाम) पुत्र/पुत्री/पत्नी .....निवासी..... (पूरा पता) ने उस पर तहसीलदार .....तहसील ..... जिला ..... द्वारा तामील की गई मांग की सूचना क्रमांक ..... के बावजूद भू–राजस्व के भुगतान में, जिसकी राशि रूपये ..... (रूपये .....) होती है, चूक की है।

और क्योंकि ..... (वारंटी का नाम) से सूचना क्रमांक ..... दिनांक ..... द्वारा इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने तथा यह कारण दर्शाने की अपेक्षा की गई थी कि उक्त राशि जमा करने में असफल रहने के कारण उसे सिविल कारागार के सुपुर्द क्यों नहीं किया जाना चाहिए।

और क्योंकि उक्त ..... उपरोक्त सूचना में विनिर्दिष्ट दिवस को इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने में असफल रहा है और उसने उक्त राशि का भुगतान करने में भी चूक जारी रखी है;

अतएव, आपको उक्त.....(वारंटी का नाम) को यदि वह उक्त राशि का भुगतान कर दिए जाने का सबूत नहीं सौंप देता है तो उसे गिरफ्तार करने तथा समस्त सुविधाजनक शीघ्रता से इस न्यायालय के समक्ष लाए जाने के लिए आदेशित किया जाता है;

आपको यह वारंट दिनांक .....20..... को या उसके पूर्व इस पृष्ठांकन सहित, जिसमें उस दिनांक का, जिसको और उस रीति का, जिसमें इसका निष्पादन हुआ या इसका क्यों निष्पादन नहीं हुआ, प्रमाणन हो, वापस लौटाने का भी आदेश दिया जाता है।

आज दिनांक .....20..... को मेरे हस्ताक्षर से तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर प्रदत्त।

मुद्रा उपखण्ड अधिकारी

दिनांक उपखण्ड .....

प्ररूप –सत्रह
(नियम 13 देखिए)
मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020

समक्ष न्यायालय उपखंड अधिकारी .....

प्रकरण क्रमांक.....

.....

विरूद्ध

.....

जेल के सुपुर्द करने का वारंट
[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147(3) के अधीन]

प्रति,

भारसाधक अधिकारी जेल .....

क्योंकि ..... ने तहसील ..... जिला ..... के तहसीलदार द्वारा दिनांक ..... को उस पर तामील की गई मांग की सूचना क्रमांक ..... के बावजूद भू–राजस्व के भुगतान में, जिसकी राशि रूपये ..... (रूपये .....) होती है, चूक की है;

और क्योंकि ..... से सूचना क्रमांक ..... दिनांक ..... द्वारा इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने की अपेक्षा की गई थी;

और क्योंकि न्यायालय के समक्ष उपस्थित होने /लाए जाने पर वह न्यायालय का यह समाधान नहीं कर सका है कि उसे सिविल कारागार को क्यों सुपुर्द नहीं किया जाना चाहिए;

अतएव आपको एतद्द्वारा समादेश दिया जाता है और आपसे अपेक्षा की जाती है कि आप उक्त ..... को सिविल कारागार में लें और प्राप्त करें और उसे दिनांक ..... से दिनांक ..... तक (दोनों दिन सम्मिलित करते हुए) ..... दिन की कालावधि के लिए वहां कारावासित रखें।

आज दिनांक .....20..... को मेरे हस्ताक्षर से तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर प्रदत्त।

मुद्रा
दिनांक.....

उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड .....
जिला .....

प्ररूप –अठ्ठारह
(नियम 13 देखिए)
मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020

समक्ष न्यायालय उपखंड अधिकारी .....

प्रकरण क्रमांक.....

.....
विरूद्ध
.....

छोड़े जाने के लिए आदेश
[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147(5) के अधीन]

प्रति,

भारसाधक अधिकारी जेल.....

आज पारित आदेश के अधीन आपको एतद्द्वारा यह निर्देश दिया जाता है कि अब ..... को, जो इस समय आपकी अभिरक्षा में है, जब तक कि वह किसी अन्य कारण से निरुद्ध रखे जाने के दायित्वाधीन न हो, मुक्त कर दें।

आज दिनांक ..... 20..... को मेरे हस्ताक्षर से तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर प्रदत्त।

मुद्रा
दिनांक

उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड .....
जिला .....

प्ररूप –उन्नीस
(नियम 14 देखिए)
**मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020**

**राशियों की भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूली के लिए आवेदन पत्र**
**[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 155 के अधीन]**

प्रति,

तहसीलदार/राजस्व अधिकारी

.....

यह विनिश्चित् किया गया है कि निम्नलिखित राशियों को, जिनका विवरण नीचे दिया गया है, भू–राजस्व के बकाया तौर पर वसूल किया जाना चाहिए। कृपया इन्हें भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूल करें तथा नीचे मद क्रमांक 7 में वर्णित लेखा शीर्ष में जमा करें:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग/सक्षम प्राधिकारी का नाम जिसे कि राशि शोध्य है | |
| 2. | उस व्यक्ति का नाम, पिता का नाम तथा पूरा पता जिससे कि राशियां शोध्य हैं | |
| 3. | शोध्य राशियों का विवरण | |
| 4. | विधि का वह उपबंध जिसके अधीन राशियां भू–राजस्व के बकाया के तौर पर वसूली योग्य है। | |
| 5. | वह आदेशिका जिसके द्वारा राशि वसूल की जा सकेगी। | |
| 6. | उस संपत्ति का विवरण जिसके विरूद्ध आदेशिका निष्पादित की जा सकेगी। | |
| 7. | वह लेखा शीर्ष जिसमें वसूली के पश्चात् धनराशि जमा की जाएगी | |
| 8. | क्या धारा 155 के खण्ड (घ), (ई), (एफ), (जी) अथवा (ज) के अधीन यथास्थिति अपेक्षित प्रमाण–पत्र कुर्क किए गए हैं? | |

मुद्रा
दिनांक.....

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर
नाम .....
पदनाम.....

**पावती/अभिस्वीकृति**

प्रति,

.....

.....

.....से ..... रूपए की राशि की वसूली के लिए ऊपर प्रस्तुत किए गए आवेदन की एतद्द्वारा अभिस्वीकृति दी जाती है।

मुद्रा
दिनांक.....

तहसीलदार/राजस्व अधिकारी
.....

प्ररूप –बीस
(नियम 15 देखिए)
मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता (भू–राजस्व की उगाही) नियम, 2020

भू–राजस्व की कमी के लिए आवेदन पत्र
[मध्यप्रदेश भू–राजस्व संहिता, 1959 की धारा 147 (2) के अधीन]

| | |
|---|---|
| 1. आवेदक का नाम तथा पता (पूरा नाम दीजिए) | |
| 2. माता/पिता/पति का नाम | |
| 3. पूरा पता<br>(मोबाईल/फोन नंबर सहित) | |
| 4. भूमि का विवरण<br>(1) खाता क्रमांक<br>(2) सर्वेक्षण संख्यांक<br>(3) क्षेत्रफल<br>(4) भू–राजस्व<br>(5) ग्राम का नाम (जहां भूमि स्थित है)<br>(6) पटवारी हल्का क्रमांक/सेक्टर क्रमांक<br>(7) तहसील ..... जिला ..... | |
| 5. वे आधार जिन पर भू–राजस्व में कमी चाही गई है | |

दिनांक.....  आवेदक के हस्ताक्षर

संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज–

1. अधिकार अभिलेख अथवा खाते की नवीनतम जमाबंदी की प्रति
2. यथास्थिति निस्तार पत्रक अथवा ग्राम वाजिब–उल–अर्ज में सुसंगत प्रविष्टियां
3. सिंचाई के संसाधन सहित सिंचित भूमि के सर्वेक्षण संख्यांक
4. कोई अन्य सुसंगत दस्तावेज

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**श्रीकांत पाण्डेय**, अपर सचिव.

भोपाल, दिनांक 23 सितम्बर 2020

क्रमांक एफ-2-5-2020-सात-शा-7.–भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-2-5-2020-सात-शा-7, दिनांक 23 सितम्बर 2020 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**श्रीकांत पाण्डेय**, अपर सचिव.

F-2-05-2020-VII-Sec-7 Bhopal, the 23rd September 2020

In exercise of the powers conferred by clause (xxxi), (xxxii), (xxxiv), (xxxv) and (xxxvi) of sub-section (2) of section 258 of the Madhya Pradesh Land Revenue Code, 1959 (No. 20 of 1959) read with sections 140, 142, 146, 147, 155 and section 161 of the said Code and in supersession of this department's Notification No. 189-6477-VII-N-(Rules) dated 6th January, 1960 as amended by Notification No. 2457-62-VII-N-(Rules) dated 18th May, 1961 and Notification No. 3814-2502-VII -N-(Rules) dated 11th August, 1961, Notification No. 190-6477-VII-N-(Rules) dated 6th January, 1960, Notification No. 191-6477-VII-N-(Rules) dated 6th January, 1960 as amended by Notification No. 2804-5041-VII-N-(Rules) dated 12th June, 1961, No. F-1-4-VII- S 8- 87 dated 4th July, 1988, Notification No. 192-6477-VII-N-(Rules) dated 6th January, 1960 as amended by Notification No. 2549-5163-60-VII-N-(Rules) dated 25th June, 1962, No. 1841-2882-VII-N. 1 dated 2nd June, 1972, Notification No. 336-CR-742-VII-N-(Rules) dated 11th January, 1960 as amended by Notification No. 2545-5163-VII-N-(Rules) dated 26th June, 1962 and Notification No. 194-6477-VII-N-(Rules) dated 6th January, 1960 and in supersession of all notifications issued in this behalf, the State Government, hereby, makes the following rules, the same having been previously published in the Madhya Pradesh Gazette, dated 31st August, 2020, namely :-

## RULES

1. **Short title and commencement.-** (1) These rules may be called The Madhya Pradesh Bhu-Rajasva Sanhita (Bhu-Rajasva Ki Ugahi) Niyam, 2020.

(2) They shall come into force from the date of their publication in the Madhya Pradesh Gazette.

**2. Definitions.-** (1) In these rules, unless the context otherwise requires, -

(a) "Bhulekh portal" means an official web portal of the State Government through which payment of land revenue may be made online;

(b) "challan" means a form used for making payment of land revenue through a bank or web portal;

(c) "Code" means the Madhya Pradesh Land Revenue Code, 1959 (No. 20 of 1959);

(d) "Form" means a form appended to these rules;

(e) "Schedule" means a schedule appended to these Rules;

